**भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिन्दी पखवाड़ा" समारोह का उद्घाटन**

भा.कृ.अनु.प.- राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में **"हिन्दी पखवाड़ा"** समारोह का उदघाटन 17 सितम्बर, 2024 को ब्यूरो के सम्मेलन कक्ष में प्रभारी निदेशक महोदय, डॉ. सुनील जोशी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। ब्यूरो के प्रभारी निदेशक महोदय, डॉ. सुनील जोशी, डॉ. के. श्रीदेवी, प्रधान वैज्ञानिक एवं नेशनल फ़ेलो, श्री जे. मैथ्यू, प्रशासनिक अधिकारी आदि गणमान्य अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित करके **"हिन्दी पखवाड़ा"** समारोह कार्यक्रम का उदघाटन किया।

**"हिन्दी पखवाड़ा"** समारोह के अवसर पर माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, भारत सरकार, श्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश को श्रीमती नाजीआ अंजुम, सहायक ने सम्मेलन कक्ष में उपस्थित प्रतिभागियों को पढ़कर सुनाया।

ब्यूरो के प्रभारी निदेशक महोदय, डॉ. सुनील जोशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश में सर्वाधिक बोले जाने वाली हिंदी भाषा ही देश को एकता की डोर में बाँधने का काम कर सकती है। ब्यूरो के प्रभारी निदेशक महोदय, डॉ. सुनील जोशी ने अपने सम्बोधन में कहा कि अधिकारी एवं कर्मचारीगण अपना सरकारी काम-काज राजभाषा में अधिक से अधिक करें इससे ब्यूरो की ही नहीं वरन परिषद के राजभाषा कार्यों की उतरोत्तर वृद्धि होगी। राजभाषा हिन्दी में काम करना बहुत आसान है, आजकल बहुत सारे हिन्दी संबंधित टूल्स उपलब्ध हैं जिनका उपयोग करके आप आसानी से अपना काम राजभाषा हिन्दी में कर सकते हैं। उन्होनें सभी प्रतिभागियों से आहवान किया कि इस हिन्दी पखवाड़ा समारोह के दौरान अनेक प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं, उनमें उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़ कर भाग लें।

**"हिन्दी पखवाड़ा"** समारोह के अवसर पर प्रतियोगिता के आयोजन में, चित्र देखकर संबधित महापुरुष/स्थान/एतिहासिक क्षण या स्थान के बारे में अभिव्यक्ति संबंधित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

**"हिन्दी पखवाड़ा"** समारोह का संचालन और धन्यवाद प्रस्ताव श्री सतेंद्र कुमार, मुख्य तकनीकी अधिकारी ने किया।







**राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिन्दी पखवाड़ा" समारोह आयोजन का उद्घाटन**

















**राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिन्दी पखवाड़ा" समारोह आयोजन का उद्घाटन**







**राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो, बेंगलूरु में "हिन्दी पखवाड़ा" समारोह आयोजन का उद्घाटन**